भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्नन सं. 1817

जिसका उत्तर 01.08.2024 को दिया जाना है

केरल में ग्रीनफील्ड राजमार्ग

1817. श्री हैबी ईडन:

श्री कोडिकुन्नील सुरेश:

एडवोकेट अदूर प्रकाश:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केरल में राजमार्गों और सड़कों के विकास और उत्थान के लिए स्वीकृत निधि का ब्यौरा क्या है और उन क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जहां इस निधि का उपयोग किया जाएगा;

(ख) भारतमाता परियोजना के अंतर्गत केरल में एमसी रोड के समानांतर चलने वाले प्रस्तावित छह लेन के ग्रीनफील्ड राजमार्ग की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त राजमार्ग के संरेखण को अनुमोदित कर दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और सरकार द्वारा अंतिम रुप दिए गए और अनुमोदित संरेखण का ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण शुरु हो गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) इस परियोजना का निर्माण कार्य कब तक शुरु होने की संभावना है;

(छ) क्या राजमार्ग परियोजना को ग्रेडिंग बढ़ाकर, काले धब्बों को समाप्त करके और तीखे मोड़ों को सीधा करके विकसित करने के लिए अभिकल्पित किया गया है जिससे परियोजना की उपयोगिता में वृद्धि होगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ज) केरल के लिए प्रस्तावित अन्य नए राष्ट्रीय राजमार्गों का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) से (छ) रारा-66 पर भूमि की उपलब्धता में बाधा को ध्यान में रखते हुए पहले एमसी रोड के समानांतर छह लेन के ग्रीनफील्ड राजमार्ग के लिए वैकल्पिक संरेखण की संभावना तलाशी गई थी। हालांकि, रारा-66 के विस्तार के लिए भूमि की उपलब्धता से संबंधित मुद्दों का समाधान करने के बाद रारा-66 को 6 लेन के मानक में विकसित करने के कार्यों को स्वीकृति दे दी गई है। एमसी रोड के समानांतर ग्रीनफील्ड संरेखण के विकास की कोई और आवश्यकता नहीं है।

(ज) राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास एक सतत प्रक्रिया है। मंत्रालय को केरल सहित विभिन्न राज्य सरकारों से राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा/उन्नयन/विकास के लिए प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। इन पर निर्णय मानदंडों के पूरा होने, संपर्कता की आवश्यकता, पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता तथा पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिए जाते हैं।

अनुबंध

'केरल में ग्रीनफील्ड राजमार्ग' के संबंध में श्री हैबी ईडन, श्री कोडिकुन्नील सुरेश और एडवोकेट अदूर प्रकाश द्वारा पूछे गए दिनांक 01.08.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1817 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

एनएचएआई द्वारा क्षेत्र के साथ स्वीकृतियों का विवरण			
क्रमांक	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रु .में)	ज़िला
1	एचएएम मोड पर एनएच-66 (पुराना एनएच-17) पर थालाप्पडी से चेंगाला तक 6 लेन का निर्माण	2468	कासरगोड
2	एचएएम मोड पर एनएच-66 (पुराना एनएच-17) पर चेंगाला से नीलेश्वरम तक 6 लेन का निर्माण	2378	कासरगोड
3	एचएएम मोड पर एनएच-66 (पुराना एनएच-17) पर नीलेश्वरम से थलिप्परम्बा तक 6 लेन का निर्माण	3800	कासरगोड और कन्नूर
4	एचएएम मोड पर एनएच-66 (पुराना एनएच-17) पर थालिप्परम्बा से मुझापिलंगडु तक 6 लेन का निर्माण	3319	कन्नूर
5	किमी 203.160 पर छह लेन का छोटा पुल और किमी 204.895 पर बड़े पुल का निर्माण	217	कोझिकोड
6	एचएएम मोड पर एनएच-66 (पुराना एनएच-17) पर अझियूर से वेंगलम तक 6 लेन का निर्माण	3713	कोझिकोड
7	एनएच-66 के (डिजाइन चैनेज)किमी 230.400 से किमी 258.800 तक मौजूदा कोझिकोड बाईपास (अर्थात् वेंगलम जंक्शन से रामनट्टुकारा जंक्शन) को छह लेन का बनाना	1863	कोझिकोड
8	एचएएम मोड पर एनएच-66 (पुराना एनएच-17) पर रामनट्टुकारा से वलनचेरी तक 6 लेन का निर्माण	4728	मलप्पुरम
9	एचएम मोड पर एनएच-66 (पुराना एनएच-17) पर वलनचेरी से कप्पिरिक्कड़ तक 6 लेन का निर्माण	3824	मलप्पुरम
10	एचएएम मोड पर एनएच-17 (नया एनएच-66) के कप्पिरिक्कड़-थालिकुलम को 4/6 लेन का बनाना	3947	त्रिशूर
11	एचएएम मोड पर एनएच-17 (नया एनएच-66) के थलिकुलम-कोडुंगल्लूर को 4/6 लेन का बनाना	4010	त्रिशूर
12	एचएएम मोड पर एनएच-66 (पुराना एनएच-17) के कोडुंगल्लूर - एडापल्ली को 6 लेन का बनाना	3120	एर्नाकुलम
13	ईपीसी मोड पर एनएच-66 के अरूर-थुरवूर खंड के बीच 6-लेन का एलिवेटेड राजमार्ग	2383	अलपुझा

14	ईपीसी मोड पर एनएच-66 (पुराना एनएच-47) के थुरवूरथेक्कू-परवूर खंड को 6 लेन का बनाना	2639	अलपुझा
15	ईपीसी मोड पर एनएच-66 (पुराना एनएच-47) के पारवूर से कोट्टुकुलंगरा खंड को छह लेन का बनाना ।	3176	अलपुझा
16	एचएएम मोड पर एनएच-66 (पुराना एनएच-47) के कोट्टुकुलंगरा –कोल्लम बाईपास के शुरूआत तक 6 लेन बनाना	3351	अलपुझा और कोल्लम
17	एचएएम मोड पर एनएच-66 (पुराना एनएच-47) के कोल्लम बाईपास के शुरूआत से कदम्बट्टुकोणम तक छह लेन बनाना	3082	कोल्लम
18	ईपीसी मोड पर एनएच-66 (पुराना एनएच-47) के कदम्बट्टुकोणम से कझाकुट्टम तक छह लेन का निर्माण	3464	तिरुवनंतपुरम
19	ईपीसी मोड पर एनएच-85 के किमी.0+000 से किमी.124+636 खंड तक 2एल/2एल+पीएस खंड का चौड़ीकरण/विकास	1260.05	एर्नाकुलम और इडुक्की
20	ईपीसी मोड पर केरल राज्य में एनएच-544 के वालयार-अंगामाली खंड में 2023-24 के लिए वार्षिक सड़क सुरक्षा योजना के अंतर्गत 11 ब्लैक स्पॉट/दुर्घटना स्थलों का सुधार	510.28	पलक्कड़ और त्रिशूर
21	ईपीसी मोड पर केरल राज्य में 2023-24 के लिए वार्षिक सड़क सुरक्षा कार्य योजना के अंतर्गत एनएच-66 के तिरुवनंतपुरम बाईपास खंड में 4 ब्लैक स्पॉट/दुर्घटना स्थलों का सुधार	119.88	तिरुवनंतपुरम

*****